BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS

COMPILED BY MEDIA CELL (21.10.2024)

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE :21.10.2024, PAGE-04

ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन के लिए टीम रवाना

जासं, मुजफ्फरपुर: ओडिशा में होने वाले ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की महिला टीम रवाना हो गई है। रविवार को कुलपति प्रो. डीसी राय समेत अन्य अधिकारियों ने टीम को रवाना किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के खेल सलाहकार डा. संजय सिन्हा, विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के सचिव डा. कांतेश कुमार, आरडीएस कालेज की प्राचार्य डा. अनिता सिंह और एमडीडीएम कालेज की प्राचार्य डा. कनुप्रिया उपस्थित थे।

पार्ट थर्ड की कापियों का मूल्यांकन इसी सप्ताह से

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में टीडीसी पार्ट थर्ड की कापियों की जांच इस सप्ताह से शुरू होगी। सबकुछ ठीक रहा तो दो दिनों में मूल्यांकन कार्य शुरू हो जाएगा। इसमें अभी भी कुछ परेशानी आ रही है। अब तक केवल कम संख्या वाले विषयों में ही कापियों की कोडिंग पूरी हो सकी है। अधिक संख्या वाले विषयों की कोडिंग की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं की जा सकी है। दूसरी ओर अब तक विश्वविद्यालय स्तर से परीक्षकों की सूची भी नहीं सौंपी गई है। इस कारण भी मूल्यांकन कार्य शुरू होने में देरी हो रही है। दूसरी ओर परीक्षा नियंत्रक मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण कर रहे हैं। पहले कम संख्या वाले विषयों का मूल्यांकन शुरू होगा। ऐसे में बताया जा रहा है कि पहले कामर्स के उत्तर पुस्तिकाओं की जांच की जा सकती है। कामर्स के साथ-साथ जीएस की कापियों की भी जांच शुरू होगी। एक बार कोडिंग होने के बाद ही मूल्यांकन शुरू किया जा सकता है।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR DATE : 21.10.2024, PAGE-04

एमएड की प्रवेश परीक्षा में आए कठिन सवाल

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: एमएड की प्रवेश परीक्षा में कठिन सवालो से अभ्यर्थी परेशान हुए। छात्र सुधांशु ने बताया कि टीचिंग लर्निंग एप्टीट्यूड और रिसर्च आधारित सवालों का स्तर कठिन था। इसे हल करने में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर विश्वविद्यालय की ओर से जल्द से जल्द आंसर की जारी होगी। वहीं परीक्षा का परिणाम भी शीघ्र ही जारी होगा। इसके बाद रिजल्ट के आधार पर कालेजों में नामांकन के लिए मेरिट लिस्ट जारी होगी। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के तीन कालेजों में एमएड की पढ़ाई होती है। दो कालेज जिले में तो एक कालेज वैशाली में है।

विश्वविद्यालय में बनेगा सेल्फी प्वाइंट: विश्वविद्यालय में सेल्फी प्वाइंट बनाया जाएगा। यूजीसी की ओर से इसको लेकर सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश जारी किया गया है। इस आधार पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में बनाया जाएगा। इसमें विश्वविद्यालय और क्षेत्र विशेष की विविधताओं का वर्णन होगा।

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 21.10.2024, PAGE-04

बिहार विवि में बनेगा सेल्फी प्वाइंट

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि में छात्रों के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाया जाएगा। सेल्फी प्वाइंट बनाने के लिए यूजीसी के निर्देश पर राजभवन ने पत्र भेजा है। इस पत्र के बाद विवि प्रशासन ने सेल्फी प्वाइंट बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। यह सेल्फी प्वाइंट विवि के प्रशासनिक भवन परिसर में ही बनाया जाएगा। इसका थीम महात्मा गांधी, बाबा साहब आंबेडकर व बाबा गरीबनाथ की तस्वीर पर आधारित होगा।

विवि मेंस बैडमिंटन टीम संबलपुर रवाना

मुजफ्फरपुर। ओडिशा के संबलपुर यूनिवर्सिटी में मंगलवार से होने वाली ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वीमेंस बैडमिंटन चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए बीआरएबीयू बैडमिंटन टीम रविवार को रवाना हो गई। कुलपति प्रो दिनेशचन्द्र राय, बीआरएबीयू स्पोर्ट्स कौंसिल के सलाहकार डॉ. संजय सिन्हा, स्पोर्ट्स कौंसिल के सचिव डॉ. कांतेश कुमार, प्राचार्या डॉ अनिता सिंह व प्राचार्य डॉ कनुप्रिया ने टीम को रवाना किया।

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR DATE : 21.10.2024, PAGE-02

ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन टूर्नामेंट

बिहार विवि की 4 सदस्यीय टीम ओडिशा के लिए रवाना

भास्कर न्यूज | मुजफ्फरपुर

ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन टूर्नामेंट (वूमेन) के लिए बीआरए बिहार विवि की 4 सदस्यीय टीम रविवार की दोपहर ओडिशा के संबलपुर के लिए रवाना हुई। टीम में कुमारी शुभांगी सिन्हा, अनू प्रकाश, कामिनी कुमारी और शगुन गुप्ता शामिल हैं। टीम के साथ कोच नीरज कुमार और टीम मैनेजर रविशंकर कुमार भी ओडिशा गए हैं। संबलपुर यूनिवर्सिटी में 22 से 25 अक्टूबर तक टूर्नामेंट का आयोजन होना है। इसमें ईस्ट जोन के 200 से अधिक विवि भाग लेंगी। टीम रवाना होने से पहले टीम की खिलाड़ियों ने कुलपति डॉ. डीसी राय से मुलाकात की। इस दौरान कुलपति ने टीम के विजयी होकर लौटने की शुभकामनाएं दीं। बता दें कि पिछली बार बीआरए बिहार विवि की टीम ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन टूर्नामेंट खेलने नागालैंड गई थी। उस समय टीम ने परचम लहराते हुए खेलो इंडिया के लिए क्वालिफाई किया था। टीम के कोच नीरज कुमार ने बताया कि टीम इस बार भी परचम लहरा कर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और खेलो इंडिया के लिए क्वालिफाई करेगी।